प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 12.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कृषि–खाद्य श्रृंखला में महिलाओं की भागीदारी पर वैश्विक सम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा– कृशि क्षेत्र में भी महिलाओं का अमूल्य योगदान।**
2. **केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– भारत बना सबसे ज्यादा चावल उत्पादन वाला देश, 150 मिलियन टन के साथ चीन से निकला आगे।**
3. **झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बिजली–पानी का उठा मुद्दा, पेयजल मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सरकार का रखा पक्ष।**
4. **झारखंड स्टेट बार काउंसिल के 23 पदों के लिए आज राज्यभर में हो रहा मतदान, एक सौ प्रत्याशी हैं चुनाव मैदान में, राज्यभर में बनाये गये हैं 75 मतदान केंद्र।**
5. **आईपीएल क्रिकेट के पहले चरण की तारीखों की हुई घोषणा, 28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जायेगा उद्घाटन मैच।**

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में कृषि–खाद्य श्रृंखला में महिलाओं की भागीदारी पर वैश्विक सम्मेलन 2026 का उद्घाटन किया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का विषय है **प्रगति को गति देना, नई ऊंचाइयों को छूना।** इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि क्षेत्र में भी महिलाओं का अमूल्य योगदान है।

****

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पिछले 12 सालों में भारत ने कृषि के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि चावल के उत्पादन में 150 मिलियन टन के साथ भारत चीन को पीछे छोड़कर दुनिया में नंबर एक पर आ गया है।

****

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज डुमरी विधायक जयराम महतो और हटिया से भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने बिजली और पानी का मुद्दा उठाया। जयराम महतो ने कहा कि गर्मी के दिनों में ट्रांसफर्मर जल जाने पर आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

सरकार की ओर से पेयजल मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जवाब देते हुए कहा कि सभी समस्याओं के समाधान के लिए एक्सक्यूटिव इंजीनियर के पास या डिविजन में लोग शिकायत कर सकते हैं।

****

राज्य के जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने रांची से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए देवघर में पौने दो करोड़ रूपये की लागत से चार लघु सिंचाई परियोजनाओं का आनलाइन शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने के बाद 140 हेक्टेयर भूमि पर खरीफ और रबी फसल की सिंचाई होगी।

****

राज्य मंत्रिपरिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक आज रांची के प्रोजेक्ट भवन में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्य के विकास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों और जनकल्याणकारी योजनाओं को मंजूरी मिलने की संभावना है।

****

भारत में रसोई गैस एलपीजी के घरेलू उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह बढ़ोतरी सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों के बाद हुई है।
इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रसोई गैस किल्लत को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने असम दौरे से रांची वापस लौट चुके हैं। इस बीच झामुमो के असम में चुनाव लड़ने की खबरों पर असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बैठक कर हम अपनी बात रखेंगे।

****

झारखंड स्टेट बार काउंसिल के 23 पदों के लिए आज राज्यभर में मतदान हो रहा है। इस चुनाव के माध्यम से 18 पुरुष और पांच महिला सदस्यों का चयन किया जाएगा, जबकि दो महिला सदस्यों का चयन मनोनयन के आधार पर होगा। मतदान सुबह 10 बजे से शुरू हो चुका है और शाम 5 बजे तक चलेगा। इसके लिए राज्यभर में कुल 75 बूथ बनाए गए हैं। चुनाव मैदान में कुल 100 प्रत्याशी हैं, जिनमें 75 पुरुष और 25 महिलाएं शामिल हैं। इस चुनाव में राज्य भर के 25000 से अधिक अधिवक्ता मतदान करेंगे।

****

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक के शुरूआती कारोबार में शून्य दशमलव सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 550 अंक लुढ़ककर 76 हजार 315 जबकि निफ्टी 169 अंक की गिरावट के साथ 23 हजार 700 पर था।

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 49 हजार 8 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 78 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

धनबाद में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी कर लगभग साढ़े 14 सौ किलो मिलावटी पनीर और छह टिन घी जब्त किया है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ. राजा कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पनीर के सभी नमूने फेल हो गए।

****

आज विश्व गुर्दा दिवस है। इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने गुर्दे को स्वस्थ रखने और उससे संबंधित बीमारियों की शीघ्र पहचान तथा रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया।

****

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–**बीसीसीआई** ने इंडियन प्रीमियर लीग– आईपीएल 2026 के पहले चरण का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह चरण 28 मार्च से 12 अप्रैल 2026 तक खेला जाएगा। इस दौरान तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए चुनाव तिथियां घोषित होने के बाद ही पूरे टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी किया जाएगा। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच के साथ इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी।

****